# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
## अभ्यास पत्र
### सत्र : 2017–18

कक्षा : दसवीं
विषय : हिंदी
*सामान्य निर्देश :–*

- **प्रश्न–पत्र के क, ख, ग और घ चार खंड हैं।**
- **प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर एक साथ लिखिए।**
- **लेखन स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें।**

**(खंड–क)**

**प्र1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

अच्छा नागरिक बनने के लिए भारत के प्राचयीन विचारकों ने कुछ नियमों का प्रावधान किया है। इन नियमों में वाणी और व्यवहार की शुद्धि, कर्त्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह, शुद्धतम पारस्परिक सद्भाव, सहयोग और सेवा की भावना आदि नियम बहुत महत्त्वपूर्ण माने गऐ हैं। ये सभी नियम यदि एक व्यक्ति के चारित्रिक गुणों के रूप में भी अनिवार्य माने जाएँ तो उसका अपना जीवन भी सुखी और आनंदमय हो सकता है। इन सभी गुणों का विकास एक बालक में यदि उसकी बाल्यावस्था से ही किया जाए तो वह अपने देश का श्रेष्ठ नागरिक बन सकता है। इन गुणों के कारण वह अपने परिवार, आस–पड़ोस, विद्यालय में अपने सहपाठियों एवं अध्यापकों के प्रति यचोचित व्यवहार कर सकेगा।

वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है, समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि करती है किंतु अहंकारहीन व्यक्ति ही स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार का प्रयोग कर सकता है। अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अशिष्ट वाणी और व्यवहार का अभ्यासी होता है। जिसका परिणाम यह होता है कि ऐसे आदमी के व्यवहार से समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता।

क) समाज एवं राष्ट्र के हित में नागरिक के लिए कैसे गुणों की अपेक्षा की जाती है?
ख) किस प्रकार के गुणों से युक्त व्यक्ति श्रेष्ठ नागरिक बन जाएगा?
ग) वाणी और व्यवहार की मधुरता सबके लिए सुखदायक क्यों मानी गई है?
घ) अहंकारी व्यक्ति का क्या परिणाम होता है?
ङ) कौन–से नियम, एक व्यक्ति के चारित्रिक गुणों के रूप में अनिवार्य होने चाहिए?

**प्र2) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

मत काटो तुम ये पेड़
हैं ये लज्जावसन
इस माँ वसुंधरा के
इस संहार के बाद
अशोक की तरह
सचमुच तुम बहुत पछताओगे
बोलो फिर किसी गोद में
सिर छिपाओगे?
शीतल छाया
फिर कहाँ से पाओगे?
कहाँ से पाओगे फिर फल?
कहाँ से मिलेगा?
शस्य श्यामला को

सींचने वाला जल?
रेगिस्तानों में तब्दील हो जाएँगे खेत
बरसेंगे कहाँ से उमड़–घुमड़कर बादल?
थके हुए मुसाफिर पाएँगे कहाँ से
श्रमहारी छाया?

क) पेड़ों को लज्जावसन किस कारण से कहा गया है?

ख) कवि अशोक की तरह पछताने की बात क्यों करता है?

ग) पेड़ काटने के क्या दुष्प्रभाव होंगे?

घ) मुसाफिर किससे वंचितम हो जाएँगे?

## खण्ड–ख

**प्र3) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–**

क) शब्द और पद में अन्तर उदाहरण सहित स्पष्ट करें। (वर्ण विच्छेद कीजिए)

ख) जब शीला बाज़ार गई तो पुस्तक खरीद लाई। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ग) सच बोलने वाला कभी नहीं डरता (मिश्र वाक्य में बदलिए)

घ) बालक रोता रहा और चुप हो गया (सरल वाक्य में बदलिए)

ङ) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में इस तरह प्रयोग करें कि अर्थ स्पष्ट हो :–
हिम्मत टूटना, अँधे के हाथ बटेर लगना।

## खण्ड–ग

**प्र4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–**

क) आदर्श स्थिति बनाए रखने के लिए बड़े भाई साहब का बचपना कैसे तिरोहित हो जाता है?

ख) पुलिस झंडा गाड़ने का विरोध क्यों कर रही थी?

ग) कबीर के दोहों को साखी क्यों कहा जाता है?

**प्र5) लेखक की 'डायरी का पन्ना' भावी पीढ़ी को किस प्रकार प्रेरित करता है स्पष्ट कीजिए।**

अथवा

**मीरा की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए।**

**प्र6) हरिहर काका कहानी में पारिवारिक तथा धार्मिक पाखंड की झलक मिलती है? क्या आप इस कथन से सहमत हैं स्पष्ट करें।**

## खण्ड–घ

**प्र7) अपने क्षेत्र में डेंगू फैलने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।**

अथवा

**अनुच्छेद लिखिए 'आत्मनिर्भरता'**

**संकेत बिंदु :–** आत्मनिर्भरता का अर्थ, स्वतंत्रता, देश में आत्मनिर्भरता, विकास में सहायक।